an>

Title: Regarding contribution of rural tourism in national development.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान राष्ट्रीय विकास में ग्रामीण पर्यटन के योगदान और उससे जुड़ी समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। हमारे देश के जीडीपी में पर्यटन का योगदान 6 से 7 परसेंट के बीच में है जबकि विश्व स्तर के जीडीपी में पर्यटन का योगदान 11 प्रतिशत से काफी कम है। भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास की संभावनाओं में जैसे कि करोली, धौलपुर, जैसलमेर के रेतीले टीले, बस्तर के संथाल, असम में बोडो, मणिपुर के लोकटल झील, पुष्कर का मेला, पंजाब का दंगल आदि ऐसी जगहें हैं जहाँ कि ग्रामीण पर्यटन की कफी संभावनाएँ हैं। लेकिन यहां ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी समस्याओं में नक्सलवाद की घटना, अपराध की घटना, पर्यटकों से बदसलूकी और कुछ मूलभूत सुविधाओं की कमी मुख्य है। राष्ट्रीय पर्यटन नीति, 2001 के अनुसार 'भारत मस्तिष्क एवं आत्मा की एक यात्रा है, भारत पांच ज्ञानेन्द्रियों की एक यात्रा है, भारत स्वयं को खोजने की एक यात्रा है, भारत आत्मसंतुष्टि की एक यात्रा है।' इस पंक्ति एवं अतिथि देवो भवः तथा अतुल्य भारत जैसे कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत है, जैसे पर्यटन पुलिस, दुकानदारों, स्थानीय नागरिकों को संवेदनशील और जागरूक बनाया जाए। सूचना, सुरक्षा तथा आवश्यक फोन नम्बर उपलब्ध कराए जाएं, पंचायतों की भूमिका को बढ़ाया जाये, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया जाये, गाइड एवं वस्तुओं के रेट्स निश्चित करके रेट बोर्ड लगाये जाएं।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह है कि ग्रामीण पर्टन की समस्याओं की तरफ ध्यान देकर हम अपने जी.डी.पी. में पर्यटन के योगदान को विश्व स्तर के काफी नज़दीक ला सकते हैं। इससे लोगों में भारत की सभ्यता एवं संस्कृति तथा दूर प्राकृतिक परिवेश में बसे गांवों से रूबरू होने का पर्यटकों को मौका मिलेगा तथा भारत के ग्रामीण पर्यटन के सम्भावित स्थानों को मंत्रालय की वैबसाइट पर अंकित किया जाये एवं जरूरी सम्पर्क फोन नम्बर उपलब्ध कराये जायें। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairo Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Dr. Manoj Rajoria.

Hon. Members, now, the list is exhausted. But other than the list, there are 14 Members yet to speak. So, I would request each of them to make their point within a minute.